वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: पू0वि0वि0 / डी0एस0डब्ल्यू/494 /2022–23

दिनांक : 14.04.2022

सेवा में,

निदेशक
समाज कल्याण,
समाज कल्याण निदेशालय, कल्याण भवन
3, प्रयागराज रोड
लखनऊ।

विषयः—**Blocked due to Result not filled by student & not forwarded by institution की सूचना छात्र / छात्राओं की लागिन पर प्रदर्शित होने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र / छात्राओं के लागिन पर दिनांक 13.04.2020 से **Blocked due to Result not filled by student & not forwarded by institution** की सूचना प्रदर्शित हो रही है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि छात्र / छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भरते समय RESULT YET NOT DECLARED का आप्शंन भरा गया था। छात्रों द्वारा दिनांक 11 फरवरी, 2022 से 21 फरवरी, 2022 में छात्रवृत्ति आवेदन फार्म में Edit आप्शंन के द्वारा अपने पाठ्यक्रम का Result पूरित कर फार्म विश्वविद्यालय में जमा किया गया जिसे विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 11 फरवरी, 2022 से 28फरवरी, 2022 तक आनलाइन फारवर्ड कर दिया गया था और जिन्हें समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा भी अग्रसारित कर दिया गया था। तदनुपरान्त छात्र / छात्राओं के लागिन पर Verified/Recommended By District Scholarship Committee की सूचना प्रदर्शित हो रही थी।

दिनांक 13.04.2020 से सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र / छात्राओं के लागिन पर Blocked due to Result not filled by student & not forwarded by institution की सूचना प्रदर्शित हो रही है जब कि समस्त आवेदनों को समयान्तर्गत फारवर्ड कर दिया गया था। उपरोक्त समस्या के कारण छात्र / छात्राओं में गहन असंतोष है तथा वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। यह भी अवगत कराना है कि बहुसंख्यक छात्र / छात्राओं का पठन—पाठन छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त न होने पर बाधित होने की भी संम्भावना है।

अतः आप महोदय से सादर निवेदन है कि उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुये आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त हो सके और वह शासन की महत्वाकाँक्षी योजना के लाभ से वंचित न हो।

भवदीय

14/04/'22

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1—जिला समाज कल्याण अधिकारी, जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
2—निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3—निजी सहायक वित्तअधिकारी, वित्तअधिकारी जी के सूचनार्थ
4—निजी सहायक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5—परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
6—समस्त संकायाध्यक्ष / निदेशक / विभागाध्यक्ष / सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण के सूचनार्थ।
7—मुख्य कुलानुशासक जी के सूचनार्थ।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण